तर्पण करने गये वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

चित्रकूट। नदी में तर्पण करने गये सदर कोतवाली क्षेत्र के रगौली गांव निवासी वृद्ध चौकीदार मतगंजन प्रसाद (८०) की डूबने से मौत हो गयी। पांच घंटे बाद उनका शव मिला। रगौली निवासी गोविंद प्रसाद ने बताया कि उनके मामा मतगंजन प्रसाद चौकीदार थे। उम्र अधिक होने और बीमार होने के कारण उनका काम गांव का रिश्तेदार कैलाश प्रसाद देखता था।

पितृपक्ष में मतगंजन प्रसाद प्रतिदिन नदी में जाकर पूर्वजों को तर्पण करते थे।

कोतवाल अभयराज सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह मतगंजन नदी गये थे। दोपहर दो बजे तक उनके न लौटने पर स्वजन ने खोजबीन शुरु की। नदी किनारे पहुंचने पर उनके कपड़े, चप्पल एवं डंडी किनारे रखे मिले।

नदी में खोजबीन की तो कुछ ही देर में डूबी अवस्था में वह नदी में मिले। उनकी मौत हो चुकी थी।



राम-लक्ष्मण की आरती करते आयोजक एवं ट्रस्टी।

कलियुगी बेटे ने पिता पर नुकीली वस्तु से किया कातिलाना हमला

हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार मोहल्ले में घरेलू विवाद के दौरान एक कलयुगी बेटे ने अपने ६० वर्षीय बुजुर्ग पिता घूरेलाल गुप्ता पर नुकीली वस्तु से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया।

हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपित बेटे सुभाष की तलाश की जा रही है।

युवक को पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। मोपेड सवार युवकों को रोककर पेड़ से बांधने और लाठी-डंडों से पीटने के मामले में गौराबादशाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

चकराजेपुर पचोखर निवासी नजमा की शिकायत पर पुलिस केशवपुर गांव में जांच कर रही थी।

जहां पुलिस की मौजूदगी में भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। पुलिस ने शांति भंग की आशंका और दर्ज मुकदमे के आधार पर केशवपुर निवासी अबुल कश्यप, पवन मौर्य और दिलीप मौर्य को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।



परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते अधिकारी।

रावण वध होते ही श्रीराम के जयघोष से गूंजा रामलीला स्थल

चित्रकूट। तरौंहा में चल रही रामलीला में राम-रावण युद्ध देखने को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। रावण वध होते ही जय श्री राम के जयघोष से पांडाल गूंज उठा। प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ ही रामलीला महोत्सव का भव्य समापन हुआ।

रामलीला की शुरुआत आयोजक प्रशांत करवरिया एवं सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डा इलेश जैन ने राम-लक्ष्मण की आरती से कराई। मंचन के अनुसार लक्ष्मण ने मेघनांद का वध किया। यह समाचार सुनते ही रावण व्याकुल हो गया। आखिर उसे युद्ध में आना पड़ा। प्रभु श्रीराम और रावण के मध्य भयंकर घमासान शुरू हुआ। प्रभु ने रावण के नौ शीश काट डाले। आखिर में विभीषण के कहने पर एक ही बाण रावण के नाभी में मारकर वध कर दिया। रावण का अंत होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इसके बाद प्रभु श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया। पुष्पक विमान से राम, लक्ष्मण और माता सीता और हनुमान के साथ अयोध्या लौटे। जहां प्रभु श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक हुआ।

इसके साथ ही रामलीला का भव्य समापन हुआ। अयोजक प्रशांत करवरिया ने रामलीला को सफल बनाने वाले सहयोगियों एवं शहरवासियों के प्रति आभार जताया।

सर्वाइकल कैंसर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर

जौनपुर। जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि के निर्देशन में मंगलवार को बीआरपी इंटर कालेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज सुशील कुमार सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सुलभ न्याय पहुंचाने के लिए वैकल्पिक न्याय प्रणाली को सशक्त किया गया है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया।

शिविर में डा. देवेंद्र कुमार यादव, डा. सीमा सिंह और डा. एस.के. जायसवाल ने सर्वाइकल कैंसर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विचार रखे। चिकित्सकों ने कहा कि दो-तीन सप्ताह तक लगातार अवसाद या तनाव रहने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना चाहिए। सकारात्मक जीवनशैली और पारिवारिक सहयोग से मानसिक बीमारियों पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है।



आंधी-पानी के कारण खेतों में गिरी धान की तैयार फसल।

आंधी-पानी ने धान की फसल पर ढाया कहर

केराकत के कई गांवों में भारी नुकसान, किसानों ने मांगा मुआवजा

जौनपुर। बीती रात आये तेज अंधड़ और बारिश ने क्षेत्र के किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवा के झोंकों के साथ हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान की तैयार फसल गिरकर जमीन पर बिछ गयी, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गयी हैं। केराकत तहसील के नदौली, डेढ़वाने, अकबरपुर, मुर्की, डेहरी और सूरतपुर सहित दर्जनों गांवों में धान की फसल को भारी क्षति पहुंची है। किसानों के मुताबिक, अधिकांश खेतों में बालियां पकने के करीब थीं। अचानक गिरी फसल के कारण अब कटाई में भारी परेशानी होगी, साथ ही लगातार नमी रहने से फसल के सड़ने और दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। अन्नदाताओं ने प्रशासन से तत्काल खेतों का सर्वे कराकर उचित आर्थिक मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी है।

दीपावली एवं अमावस्या मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

चित्रकूट। दीपावली और अमावस्या मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम पुलकित गर्ग के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय डा. कंचन द्वारा अधिशासी अधिकारी राज किशोर प्रसाद और संबंधित अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र तथा परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालयों और श्रद्धालुओं को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम न्यायिक सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिये। यूपीपीसीएल, पर्यटन विभाग, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सफाई, शौचालय और यातायात प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं प्रभावी एवं सुचारु रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने पालिथीन के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने, मेला क्षेत्र और परिक्रमा मार्ग की नियमित सफाई कराने तथा कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करें। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था उत्तर प्रदेश के परिक्रमा मार्ग में संतोषजनक पाई गयी लेकिन और बेहतर करने के लिए निदेशित किया गया। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में नालों में दो सौ झरिया थी जिसे पर्यटन विभाग द्वारा डेढ़ सौ झरियो बंद कर दी गयी है। प्रभारी अधिकारी स्थाई निकाय द्वारा शीघ्र परिक्रमा मार्ग की सभी झरियो एवं कार्य को शीघ्र कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

गंदे पानी की निकासी न होने से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन

चित्रकूट। रामनगर ब्लाक क्षेत्र के बसिला अतरौली गांव की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बताया कि उनके घरों के सामने बारिश का पानी और दूसरी नालियों का पानी भरा है। इसकी निकासी न होने से बीमारी फैलने की संभावना है। गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। यह भी बताया कि तीन दिन से वह अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अतरौली निवासी प्रेमा देवी, गीता देवी, सुमित्रा, सीता, रामकली, मिथलेश, मीरा एवं संतोषिया आदि ने बताया कि उनके घरों के सामने नाली न होने से बारिश एवं अन्य नालियों का पानी आकर जमा है। एक माह से इस कीचड़युक्त पानी से बदबू भी फैल रही है।



राजकीय संप्रेषण गृह किशोर का निरीक्षण डीएम।

डिग्गी तालाब की जलभराव समस्या का डीएम ने लिया जायजा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. २१ शास्त्री नगर स्थित डिग्गी तालाब का निरीक्षण कर जलभराव एवं जल निकासी की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने तालाब का राजस्व एवं नगर पालिका अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराने, अतिक्रमण चिन्हित कर नियमानुसार कारवाई करने तथा तालाब के गहरीकरण एवं सुंदरीकरण की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

रेलवे स्टेशन के पास मिला महिला का शव

चित्रकूट। बीती देर रात कर्वी रेलवे स्टेशन के पास महिला का शव मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के कालूपुर पाही गांव के मुस्लिमपुरवा निवासी जैतून उर्फ सलमा बेगम (४०) का शव ट्रेन की चपेट में आने से क्षतविक्षत हालत में चुका था। उसके पास बांदा से चित्रकूट तक का रेलवे टिकट भी मिला है। परिजनों के मुताबिक सलमा तीन अक्तूबर को दवा कराने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम तक वापस नहीं आने पर स्वजन ने साथ गयी महिलाओं से जानकारी ली तो बैंक से रुपये निकालने की बात सामने आई।काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर चार अक्तूबर को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी। सोमवार देर रात जीआरपी से महिला की मौत की सूचना मिली।

हत्या के मामले में किशोर अपचारी को आजीवन कारावास

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश (बालक न्यायालय) उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने हत्या के मामले में दोषसिद्ध पाये गये किशोर अपचारी को आजीवन कारावास और १५ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार, सुजानगंज थाने में सचिन यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था कि आशीष कुमार उर्फ पंडा के परिवार से उसके परिवार की जमीन को लेकर रंजिश चल रही थी। २८ दिसंबर २०२२ को दोपहर करीब एक बजे उसके चाचा रामआसरे चेती तिराहे पर हरिश्चंद्र यादव की चाय की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बृजेश कुमार, आशीष कुमार, पंकज मिश्रा और एक किशोर अपचारी वहां पहुंचे।

अभियोजन कथानक के मुताबिक बृजेश, पंकज और किशोर अपचारी के ललकारने पर आशीष कुमार ने असलहे से रामआसरे के सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। अन्य आरोपी भाग निकले, जबकि किशोर अपचारी को मौके पर पकड़ लिया गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय और कमलेश राय की ओर से प्रस्तुत गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने किशोर अपचारी को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई। मामले में तीनों वयस्क आरोपियों की सुनवाई अन्य न्यायालय में चल रही है।



आम्बेडकर तिराहे पर धरने पर बैठे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों ने दिया धरना

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सांकेतिक कार्यक्रम के दौरान हुई गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। रत्नाकर चौबे के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने नगर के अंबेडकर तिराहे पर धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त

चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी कर मांगा इस्तीफा

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। नेताओं ने लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर दो थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

हरपालगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिला घायल युवक

जौनपुर। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपालगंज रेलवे स्टेशन के निकट मंगलवार को एक करीब ३० वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। सफेद पैंट-शर्ट पहने युवक को देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई कि वह चलती ट्रेन से गिरकर जख्मी हुआ है। रेलवे कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने १०८ एम्बुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी पहचान जुटाने के प्रयास जारी हैं।

किशोर न्याय बोर्ड एवं संप्रेषण गृह की सुधारें व्यवस्था-डीएम

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय संप्रेषण गृह किशोर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, शिक्षण, भोजन, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेषण गृह में कुल ६७ किशोर उपस्थित पाये गये।

डीएम ने परिसर का निरीक्षण करते हुए किशोरों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के दृष्टिगत बैडमिंटन कोर्ट एवं बास्केटबाल की सुविधा संचालित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यक कार्यों का कोटेशन प्राप्त कराकर आवास विकास परिषद साडा के माध्यम से कार्य कराया जाए। परिसर की दीवारों पर आकर्षक एवं बाल हितैषी चित्रकारी कराने के निर्देश दिए, जिसमें खेल, फूल पौधों आदि से संबंधित चित्रों को उकेरा जाए। साथ ही महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों से संबंधित पुराने बैनर को बदलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बालकों के लिए कंप्यूटर सहित विभिन्न उपयोगी फोर्स संचालित कराने तथा यूपीएसपीएम से समन्वय स्थापित कर कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

डीएम ने किशोरों की शिक्षा की स्थिति की जानकारी लेते हुए पिछले वर्ष हाईस्कूल में नामांकित एवं उत्तीर्ण की संख्या के संबंध में जानकारी ली। अध्यापकों द्वारा बताया गया कि १२ किशोरों का हाईस्कूल में नामांकन हुआ था। जिनमें ननौ उत्तीर्ण हुए। इसके पश्चात डीएम ने राशन वितरण एवं राशन स्टाक रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि राशन वितरण रजिस्टर में निर्धारित मात्रा, वास्तविक वितरण तथा उपस्थित बालकों की संख्या का स्पष्ट विवरण अंकित किया जाए। सभी अभिलेख सुव्यवस्थित पाये गये। उन्होंने राशन स्टोर एवं किचन का निरीक्षण कर चावल की गुणवत्ता भी देखी। रसोइयों को स्वच्छता के दृष्टिगत सिर ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पहचान पत्र पहनने के निर्देश दिये। कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किशोरो की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मेस समिति गठित करने के निर्देश दिये। जिसमें एक किशोर, वार्डन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को शामिल किया जाए। किशोरो ने टीवी के खराब साउंड सिस्टम को बदलने, अतिरिक्त दीवार घड़ी लगवाने तथा फोन पर वार्ता के लिए समय बढ़ाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कारवाई कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने परिसर में विभिन्न समाचार पत्र उपलब्ध कराने तथा किसी शिक्षक द्वारा नियमित रूप से समाचार पत्रों का वाचन कराने के भी निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने किशोर न्याय बोर्ड बाल कल्याण समिति का निरीक्षण किया। सभी सदस्य उपस्थित पाये गये। इस दौरान बाल श्रम से संबंधित लगभग १४ वर्ष आयु के एक बालक के माता-पिता भी उपस्थित मिले। डीएम ने अभिभावकों को निर्देशित किया कि बालक की पढ़ाई न छुड़ाई जाए और उसे नियमित रूप से शिक्षा दिलाई जाए। समिति द्वारा फर्नीचर एवं इनवर्टर आदि की आवश्यकता बताए जाने पर डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिये। चाइल्ड हेल्पलाइन कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आपरेटर से प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि विगत दिवस तीन शिकायतें प्राप्त हुई थीं। डीएम ने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से अभिलेखीकरण एवं अनुश्रवण किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए आवश्यक ग्रुप बनाया जाए, ताकि शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी निगरानी हो सके। इसके बाद डीएम ने राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण बाल आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय अव्वल

जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'मेरे सपनों का भारत' विषयक भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान हासिल किया। केराकत महिला महाविद्यालय की छात्रा राधा गिरी द्वितीय तथा मुफ्तीगंज महाविद्यालय के छात्र मनीष तृतीय स्थान पर रहे।

युवा बाइक यात्रा का त्रिलोचन महादेव में भव्य स्वागत

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही 'सेवा संकल्प अभियान' की युवा बाइक यात्रा मंगलवार को जफराबाद विधानसभा क्षेत्र पहुंची। त्रिलोचन महादेव धाम परिसर में पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने यात्रियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। संदीप सिंह ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और समर्पण का जीवंत संदेश है।

नवागत सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कार्यभार

जौनपुर। जनपद के नवागत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नरेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले में संचालित समस्त विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।

मंडलीय खेल प्रतियोगितामें प्रयागराज ओवरआल चैम्पियन

मदन मोहन मालवीय स्टेडियममें मंडलायुक्तने किया प्रतियोगिताका उद्घाटन



मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में मंडलीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन वेद मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डा.लोकेश एम ने गुब्बारे का गुच्छा तथा शांति का प्रतीक सफेद कपूर उड़ाकर किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर जिले के परिषदीय विद्यालयों के नौनिहाल बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन के रूप में ६५९ अंक पाकर प्रयागराज प्रथम स्थान, फतेहपुर २८८ अंक पाकर दूसरे स्थान तथा २५९ पर अंक पाकर प्रतापगढ़ तीसरे स्थान रहा। इस मौके पर सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुशवाहा, संचालनकर्ता डा. प्रभाकर त्रिपाठी, जिला व्यायाम शिक्षक ब्रजेश यादव, विशेष अतिथि के रूप में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक कामता रामपाल, सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुशवाहा प्रयागराज मंडल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के साथ ही प्रयागराज के सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा हरिश्चंद्र गिरी खंड शिक्षा अधिकारी उर्दू प्रयागराज मंडल भी मौजूद रहे।

अंडर-१४ क्रिकेट चयन ट्रायलमें ४५ खिलाड़ियोंने किया प्रतिभाग



अंडर-१४ माध्यमिक विद्यालयीय जनपद स्तरीय क्रिकेट (बालक वर्ग) चयन ट्रायल मंगलवार को कैंट हाईस्कूल न्यू कैंट, सदर बाजार स्थित मैदान पर आयोजित किया गया। चयन ट्रायल में कुल ४५ क्रिकेटरों ने प्रतिभाग किया।

पं. हनुमत दत्त त्रिपाठी इंटर कालेज इस्माइलगंज के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक वेद प्रकाश मिश्र के अनुसार चयन ट्रायल में २१ बल्लेबाज, ११ स्पिन गेंदबाज, छह विकेटकीपर और सात मध्यम तेज गेंदबाज शामिल हुए। चयन प्रक्रिया में पं. हनुमत दत्त त्रिपाठी इंटर कालेज इस्माइलगंज के क्रीड़ाध्यक्ष हसबीन अहमद के साथ राघवेंद्र राय, मोहम्मद नबी और दीपेन्द्र शर्मा चयनकर्ता रहे। चयन ट्रायल के दौरान मनीष कुमार पाठक, शिव कुमार, संजीव कुमार और जितेंद्र कुमार पटेल भी मौजूद रहे।

अजय के दमपर शिवपुर क्लबकी अजय बढ़त

संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर -१२ क्रिकेट सीरीज



शिवपुर क्रिकेट क्लब ने संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर-१२ क्रिकेट सीरीज के दूसरे मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर सीरीज में अजय बढ़त हासिल किए हैं। इस जीत में अजय सोनकर की सटीक गेंदबाजी (६-०-२५-५) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब की पूरी टीम १९ ओवर में महज ६२ रन (रूद्र १८ रन, अजय सोनकर ५/२६, अर्श यदुवंशी १/०१, विराट सिंह १/१०, अयांश शुक्ला १/११) पर बिखर गई। जवाब में शिवपुर क्रिकेट क्लब की टीम ने ११.५ ओवर में दो विकेट पर ६३ रन (उत्कर्ष यादव १६ रन, अक्षय कुमार पाण्डेय १/०६) पर बना लिए।

शेफाली बनीं यूपीसीए अंडर-१९ महिला टीमकी मुख्य प्रशिक्षक

मुंबई में ८ अक्टूबर से आयोजित अंडर-१९ महिला टी-२० ट्राफी के लिए शेफाली साहू को यूपी टीम की मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया है। यह जानकारी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डा. जूली ओझा ने दी है।

प्रयागराज खेल

फोर्ड स्कूल एवं किशोरी लाल क्लबने दर्ज की जीत

राम मूर्ति त्रिपाठी अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता

राम मूर्ति त्रिपाठी अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में फोर्ड स्कूल क्लब और किशोरी लाल क्लब ने अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक प्राप्त किये।

ईश्वर शरण इंटर कालेज मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में जय सेल्स वॉरियर्स ने २५.५ ओवर में १०१ रन (आरुष सिंह ४० रन, किशन १५, अनुराग शुक्ला ४/२३, राज सोनकर एवं राम जी धुरिया को दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में किशोरी लाल क्लब ने २२.४ ओवर में ५ विकेट खोकर १०५ रन (राज सोनकर २३ नाबाद, सचिन यादव १९, कमल सिंह चंदेल १५ रन, विवेक दो, आरुष सिंह व आदर्श गुप्ता एक-एक विकेट) बना लिये।

इससे पूर्व सोमवार को हुए मैच में डीएसए ने २६.२ ओवर में मात्र ७६ रन (यश राज १८, एम. सुफियान १५ सिद्धू सैनी व शिवम सरोज तीन-तीन, रोहन रंजन व अर्चित सिंह दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में फोर्ड स्कूल क्लब ने १६.२ ओवर में एक विकेट पर ७८ रन (सूर्यांश त्रिपाठी ३१ नाबाद, नीलेंद्र सिंह २८ नाबाद, मानस भारतीय एक विकेट) बना लिए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड कौशाम्बी

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-01/2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदाएँ कार्यो के समक्ष अधोलिखित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-20.10.2026 समय 1:00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक-20.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे टेक्निकल बिड समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाइड होने वाले निविदादाताओं की फाइनेंसियल बिड उक्त समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी।

ई-निविदा प्रपत्र दिनांक-13.10.2026 को सुबह 10:00 बजे से दिनांक-20.10.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** देख कर डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है। धरोहर धनराशि की एफडीO आर0 एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां इस कार्यालय (अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड कौशाम्बी) में दिनांक-20.10.2026 को 01:00 बजे तक जमा कर दें तथा उसकी स्कैन की गयी प्रति ई-टेण्डर के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। टेक्निकल/प्री-क्वालीफिकेशन की प्री-बिड बैठक दिनॉक-14.10.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड कौशाम्बी के कक्ष में होगी। निविदा अपलोड करने से पहले निविदादाता शर्तो का भलीभॉति अध्ययन कर लें। निविदा प्रपत्र का मूल्य (कॉलम-5 के अनुसार देय है) बैंक ड्राफ्ट (डीOडीO) के माध्यम से देना होगा एवं जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड कौशाम्बी के पक्ष में होगी।

लाट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदादाता की श्रेणी	अधिकारी का पता	
							अधि. अभि.	अधी.अभि.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	बेरौंचा राजबहा के कि.मी. 8.300 से कि.मी. 20.848 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	4.87	9740.00	927.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
2	कनैली राजबहा के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 5.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	2.56	5120.00	927.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
3	किशनपुर पम्प कैनाल के कि.मी.38.305से कि.मी. 50.512 तक सिल्ट सफाई का कार्य	8.78	17560.00	1016.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
4	किशनपुर पम्प कैनाल के कि.मी.58.000 से कि.मी. 76.080 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	6.08	12160.00	1016.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
5	जैतपुर राजबहा के कि.मी. 0.000 से कि.मी.8.180 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	3.60	7200.00	927.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी	अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड कौशाम्बी	अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, 98-फूलबाग, कानपुर
6	सरायं माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 5.947 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य	2.35	4700.00	927.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
7	किशनपुर पम्प कैनाल के कि0मी0 5.568 से कि0मी0 12.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य	5.82	11640.00	1016.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
8	कोलीपुर राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 9.456 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	4.22	8440.00	1016.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		
9	किशनपुर पम्प कैनाल के कि0मी0 20.050 से कि0मी0 25.450 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रैपिंग का कार्य।	4.15	8300.00	1016.00	15 दिवस	"सी" एवं उच्च श्रेणी		

Note: Rates will be quoted without GST. GST will be paid extra as per prevailing government Rules.

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। upid no.257565 Date : 05.10.2026

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड कौशाम्बी